दैनिक

# पद्मावत मीडिया

Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•

www.padmavatmedia.in Mo. 9594542679 Email- padmavatmedia@gmail.com

वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 282 • मुंबई, शुक्रवार, 21 जून, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पद्मावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •


## अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत, कश्मीरियत का विजन दिया उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे - पीएम मोदी



**जम्मू कश्मीर।** लोकसभा चुनाव में जीत के बाद पहली बार जम्मू कश्मीर के दौरे पर पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था।।। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं। पीएम ने कहा कि लोकसभा इलेक्शन में मिले जनादेश का बहुत बड़ा मैसेज स्थिरता का है। पीएम मोदी ने कहा कि कश्मीर में लगातार विकास योजनाओं पर काम जारी है। जगह-जगह हाईवे बन रहे हैं। रेल से कश्मीर को जोड़ा जा रहा है।

श्रीनगर में आयोजित युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जम्मू-कश्मीर में आ रहा यह बदलाव हमारी सरकार की बीते 10 सालों की कोशिशों का नतीजा है। प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीनगर में कहा कि भारत ने पिछली सदी में अस्थिर सरकारें देखीं, 10 सालों में पांच आम चुनाव देखे। पीएम मोदी ने कहा कि आज जम्मू कश्मीर स्टार्ट-अप्स, स्किल डेवलपमेंट और स्पोर्ट्स का एक बड़ा हब बन रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, पूरी दुनिया कश्मीर घाटी में हो रहे बदलावों को देख रही है।हमारा कश्मीर कितना आगे बढ़ गया है।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनने वाला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आजादी के बाद यहां की बेटियों और कमजोर वर्ग के लोगों को उनके हकों से वंचित रखा गया। सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलते हुए हमारी सरकार ने सभी को अधिकार और अवसर दिए हैं।।।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के दो दिन के दौरे पर पहुंचे हैं। पीएम मोदी 10वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे और योग प्रेमियों के साथ योगासन करेंगे। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की पहल की थी। उन्होंने सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र में योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था।

## महावीर इंटरनेशनल का स्वर्ण जयंती शुभारंभ समारोह 23 को

पद्मावत मीडिया

**उदयपुर ।** सेवा और समर्पण के लिए प्रतिबद्ध महावीर इंटरनेशनल का स्वर्ण जयंती शुभारंभ समारोह रविवार 23 जून को शाम 6 बजे भुवाणा स्थित एवरेस्ट रिसोर्ट में आयोजित होगा। संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गौतम राठौड़ ने बताया कि यह संस्थान भारत वर्ष में 350 शाखाओं के साथ वर्ष 1975 से सेवा कार्य में जुटी हुई है। अपनी सेवा यात्रा के 50वें वर्ष में प्रवेश पर स्वर्ण जयंती वर्ष का प्रारम्भ एक अनोखे अन्दाज में विशिष्ट समाजसेवी एवं धर्मप्रिय सेवाभावी भामाशाहों के सानिध्य में उदयपुर में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा हमारे लिए उत्साह, सेवा और समर्पण की अद्वितीय यात्रा रही है। इन 49 वर्ष की यात्रा में 15000 परिवारों के सहयोग के साथ काफी सेवा प्रकल्प किये जाते रहे हैं, साथ ही कई सेवा प्रकल्प वृहद स्तर पर निरंतर जारी हैं।

## उदयपुर की प्रभा 'पीयूष' को मिला नव उदय साहित्य सम्मान 2024

पद्मावत मीडिया

उदयपुर. नव उदय पब्लिकेशन ने लखनऊ में विश्व प्रसिद्ध नव उदित साहित्यकार सम्मान समारोह 2024 आयोजित किया गया। जिसमें उदयपुर की प्रभा ' पीयूष ' नव उदय साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। प्रभा टेलर पेशे से शिक्षिका है। विभिन्न साहित्यिक मंचो और सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर 150 से अधिक कविताएं प्रकाशित हो चुकी है और कई पुरुस्कार और प्रमाण पत्र प्राप्त हुए है।

## पर्यटकों को बेवजह परेशान करने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही



पद्मावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल द्वारा पर्यटको को परेशान करने वाले अवैध गाईडो की धड़पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध गाईडो, लपको व कमीशन प्राप्त करने हेतु पर्यटको को परेशान करने वाले लपको पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस टीम गठित की गई जहां उदयपुर शहर के विभिन्न पर्यटन स्थलों फतहसागर, मोती मगरी, सहेलियो की बाडी, सुखाडिया सर्कल, दुधतलाई पर कार्यवाही कर 08 लोगो के विरूद्ध राजस्थान पर्यटन व्यवसाय अधिनियम 2010 की धारा 13 (1) (2) के तहत कार्यवाही कि गई।।

## योग दिवस की पूर्वबेला पर सागर महिला मण्डल ने करवाया योग

पद्मावत मीडिया

**सागर।** योग दिवस की पूर्वसंध्या पर गौराबाई दिगम्बर जैन महिला मण्डल, सागर ने करवाया योग। स्थानीय श्री गौराबाई दिगम्बर जैन मंदिर परिसर में इस योग के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मण्डल की प्रमुख सदस्य व सिद्धार्थ नंदन पाठशाला की प्रधान शिक्षिका श्रीमती अनीता छाया ने योग के कार्यक्रम को संचालित करने में सहयोग किया। योग की प्रधान प्रशिक्षिका और शिविर आयोजिका श्रीमती हिमांशी अजय जैन ने सभी महिलाओं को योग करवाया व प्रशिक्षण दिया। इन्होंने स्वयं अर्हम् योग का प्रशिक्षण लिया हुआ है। श्रीमती आशा-अजय जैन ने मार्गदर्शन दिया। सभी महिलाएँ बहुत उत्साहित थीं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व बेला में 'आओ चलें अर्हम् ध्यान योग की ओर' कार्यक्रम लेककर हिमांसी जैन ने अपये वक्तव्य में कहा कि योग से खुद से खुद का डॉक्टर बनते हैं, मानसिक रूप से स्वस्थ व शक्तिसंपन्न बनते हैं। वर्तमान लाइफस्टाइल में हम परिवर्तन ला सकते हैं और शारीरिक स्वस्थता, मानसिक तनाव से मुक्ति, भावनात्मक विकास, अशांत मन, अनिद्रा, डिप्रेशन और भी अनेक समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। ये लाभ हैं योग के। उक्त जानकारी देते हुए डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज' को महिलामण्डल की प्रमुख सदस्या ने बताया कि इस एक दिवसीय योग के शिविर के तात्कालिक लाभ देखकर गौराबाई महिलामण्डल की अध्यक्षा- श्रीमती हिमांशी जैन, सचिव- सुषमाराजू जैन एवं कोषाध्यक्ष सीमा तनीष जैन ने निर्णय लिया है कि आगामी 24 जून से 26 जून तक एक त्रिदिवसीय अर्हम् योग का प्रशिक्षण शिविर लगाया जायेगा जिसमें मण्डल की सदस्यायें एवं समाज की अन्य कोई भी महिलाएँ प्रशिक्षण ले सकेंगीं। श्रीमती अनीता छाया ने बताया के योग से महिलाओं विशेष तौर पर कामकाजी महिलाओं, ऑफिस में दिनभर कम्प्यूटर पर बैठी रहने वाली नौकरीपेशा महिलाओं, गृहकार्यों में लगी रहने वालीं महिलाओं को



योग से बहुत लाभ हो रहा है। ये महिला मण्डल इस तरह के कार्यक्रम अनवरत करवाता रहता है। महिला मण्डल की प्रमुख पदाधिकारी श्रीमती शकुन्तला जैन, नूतन नाहर, डॉ. आशा जैन, निधि खाद, अनीता जैन छाया, आशा सेठ, आशा अजय जैन, रक्षा विनेका, सुनीता सेसई, मंजू मगरया, वंदना सिंघई, संध्या सन्मति, सुनीता प[illegible]वार, रानी जैन (सुपा[illegible]), आरती सवाई, मिनी जैन आदि ने सक्रियता से भाग लिया।

## अवैध अग्रेजी शराब के 185 कार्टून व ट्रेलर जब्त एक आरोपी गिरफ्तार



पद्मावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले के थाना टीडी पुलिस टीम ने एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए ट्रेलर में सफेद पाउडर के कट्टों की आड़ में गुजरात ले जाई जा रही अवैध अग्रेजी शराब के 185 कार्टून व ट्रेलर को जप्त कर,एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

दरअसल एसपी योगेश गोयल द्वारा अवैध शराब परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना टीडी टीम और जिला स्पेशल टीम ने गुरुवार को उदयपुर-अहमदाबाद हाईवे पर नाकाबन्दी के दौरान एक संदिग्ध ट्रेलर को रूकवाया और चालक का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सोहनलाल पिता पेमाजी निवासी साँगठ कला पुलिस थाना राजनगर जिला राजसमन्द बताया। वहीं ट्रेलर को सघनता से चैक किया गया तो ट्रेलर के अन्दर **Waste Marble Powder** के सफेद प्लास्टिक कट्टो के नीचे अंग्रेजी शराब के कार्टून भरे मिले। चालक से सबंधित कागज मांगे तो उसने नही होना बताया। जिसके बाद पुलिस ने 185 कार्टून विभिन्न ब्राण्ड की राजस्थान निर्मित अवैध शराब सहित ट्रेलर को जप्त किया और चालक द्वारा शराब को गुजरात राज्य में तस्करी करने हेतु बिना वैध कागजात के शराब को अपने कब्जे में रख परिवहन करने को लेकर संबंधित धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर आगे की कार्यवाही की।

## कम वॉल्टेज को लेकर परेशान बिजली उपभोक्ता जालोर जिले भर में बिजली कटौती ने बढ़ाई परेशानी

पद्मावत मीडिया

**मोदरान।** जालोर जिले सहित मोदरान रेलवे स्टेशन, मोदरान गांव,सैरना,धानसा सहित जिले भर में कई गांवो में पिछले 15दिनों से कई घंटे तक अघोषित बिजली कटौती की जा रही है।

मोदरान कस्बे सहित क्षेत्रभर में ग्रामीणों को विद्युत विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 15 दिन से रात्रि के समय नियमित रूप से तीन से चार घंटे तक घोषित बिजली कटौती की जा रही है साथी दिन में भी बिजली आपूर्ति कम वोल्टेज के कारण उपकरण भी सही से काम नहीं कर पाते हैं दिन में अनेकों बार कम वोल्टेज का दबाव कम ज्यादा होता रहता है जिससे कई बार इलेक्ट्रिक सामान भी जल रहे हैं। जिससे ग्रामीणों व व्यापारियों को भारी नुक़सान का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली विभाग के अधिकारीयों से सम्पर्क करने पर उपभोक्ताओं को संतोषजनक जवाब तक नहीं दे रहे हैं ग्रामीणों को आरोप है कि बिना कोई सुचना ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर कई घंटों तक बिना किसी सुचना के बिजली कटौती होती है।

**इनका कहना है.....**

**गर्मियों में काफी दिनों से दिन रात में भारी बिजली कटौती होती है कभी-कभी तो रात भर बिजली नहीं आती है जिसे ग्रामीणों को तकलीफ उठानी पड़ती है बिजली का वोल्टेज कम रहता है जिससे फ्रीज कूलर भी नहीं चल रहा है।**

**रतन सिंह सोढा**

**अध्यक्ष, श्री आशापुरी माताजी संघर्ष समिति, मोधरान.**

## राजस्थान जीएसटी प्रैक्टिशनर एसोसिएशन ने विभिन्न समस्याओं को लेकर भेजा ज्ञापन

पद्मावत मीडिया

**नागौर ।** व्यापारियों को जीएसटी में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए वित्त मंत्री को ज्ञापन भेजा गया है। राजस्थान जीएसटी प्रेक्टिशनर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव नेमीचंद शर्मा डेगाना ने बताया कि व्यापारियों को जीएसटी में आ रही विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर ज्ञापन भेजा गया है। ज्ञापन में बताया कि विक्रेता द्वारा रिटर्न न भरने या फर्जी या गैर मौजूद घोषित होने पर आईटीसी रोकना, विक्रेता का रिटर्न लेट होने पर आईटीसी का नुकसान, ई-वे बिल पर छोटी गलती पर जुर्माना, आरसीएम का भुगतान न करने पर दोहरा कर, नोटिस की संख्या में वृद्धि, जीएसटीआर 3 भी में संशोधन की सुविधा, कंपोजिशन डीलर का वार्षिक रिटर्न, नए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया कर दरों की संख्या में कमी, यात्री वाहनों पर आईटीसी की सुविधा, सीमेंट व दुपहिया वाहनों पर कर की दरें, कर भुगतान के बावजूद ब्याज, कर अधिकारियों द्वारा न्यायपूर्ण व्यवहार सहित विभिन्न समस्याओं और मुद्दों को लेकर ज्ञापन भेजा गया है। व्यापारिक वर्ग को वित्त मंत्री से काफ़ी उम्मीदें है।

## सुनसान कुंए पर पानी की मोटर चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

पद्मावत मीडिया

**सलूम्बर ।** सलूंबर जिला थाना पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए सुनसान कुंए पर पानी की मोटर चोरी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है साथ ही एक 1 बाल अपचारी को भी डिटेन किया है।

दरअसल बुधवार को मोगा पिता हिरा पटेल उम्र 50 वर्ष निवासी बनोडा थाना ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी मेरे कुएं में डली मोटर चोरी हो गई है।

एसपी अरशद अली द्वारा कार्यवाही के त्वरित निर्देश दिए गए जिसके तहत टीम का गठन किया गया और टीम ने मुखबिर से सूचना पर संदिग्ध व्यक्ति हिरालाल पिता कानजी पटेल उम्र 24 साल निवासी बनोडा थाना सलूम्बर, मांगीलाल पिता लालाजी जाति मीणा उम्र 18 निवासी केरपुरा थाना सलूम्बर जिला सलूम्बर व एक बाल अपचारी



को डिटेन कर सख्ती से पूछताछ की जिस पर तीनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया जिन्हे गिरफ्तार कर माल बरामद किया गया।।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई

## अधिकारी जन समस्याओं के प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करें - जिला कलक्टर

पद्मावत मीडिया

**सलूंबर ।** आमजनों के परिवादों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आज जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में पंचायत समिति सलूंबर के वीसी कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

जिला कलक्टर ने वीसी के माध्यम से सभी उपखंड अधिकारियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायत स्तर एवं उपखंड स्तर पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में समस्याओं का त्वरित निराकरण करें ताकि जिला स्तरीय जनसुनवाई में इसके अभाव में लोगों को नहीं आना पड़े। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से परिवादी अपने अभाव अभियोग लेकर उपस्थित हुए। जिला कलक्टर ने एक-एक कर परिवादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से परिवाद आए। पट्टा, साफ सफाई, पेंशन परिलाभ, कार्यों की गुणवत्ता सहित सरकारी विभागों से संबंधित आमजन की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करते हुए जिला कलक्टर ने अधिकारियों से स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा।



जनसुनवाई में आयुक्त गणपत लाल खटीक,एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा, डीओआईटी उप निदेशक जीवन राम मीणा,विकास अधिकारी दयाचंद यादव, हेमन्त पंडिया एक्सईएन डबल्यूआरडी, परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह गुलिया, सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग हेमन्त खटीक,पशु पालन विभाग डॉ हरिकेश मीणा, कृषि विभाग गोस मोहम्मद सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

## धूल फांक रही पूर्व विधायक मद से मिली एंबुलेंस

पद्मावत मीडिया

**संवाददाता**

**ईश्वरलाल सुथार**

**झल्लारा।** सलूंबर जिले की झल्लारा पंचायत समिति में 2020-21 की कोरोना महामारी में तत्कालीन दिवंगत विधायक गोतमलाल मीणा द्वारा क्षेत्र के स्वास्थ केंद्रों में संपूर्ण सुविधायुक्त तीन एंबुलेंस का धरियावद लसाडिया और झल्लारा की जनता की दुविधा को देखते हुए तीनो क्षेत्रों में विधायक मद द्वारा एंबुलेंस दी गई थी। धरियावद और लसाडिया में एंबुलेंस का संचालन सुचारू रूप से हो रहा है पर झल्लारा मुख्य स्वास्थ्य केंद्र को मिली एंबुलेंस धूल फांक रही है। इसके सुचारू संचालन के लिए कोई जिम्मेदार आगे नही आ रहा है। झल्लारा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हितेश जोशी ने पूर्व में कई बार एंबुलेंस के मुद्दे को उठाया पर अभी तक सुचारू संचालन संभव नही हो पाया है। पूर्व जिला कलेक्टर प्रताप सिंह और वर्तमान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के भी संज्ञान में ये मुद्दा लाया जा चुका हे पर अभी तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही एंबुलेंस के संचालन हेतु नही की गई हे। ऐसे में क्षेत्र की जनता को दुविधा का सामना करना पड़ रहा है। क्या चिकित्सा अधिकारियों की नींद कब उड़ेगी इसका तो समय रहते ही पता लग पाएगा। खंड मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ अधिकारी डॉक्टर संपत मीणा का कहना है कि इसके संचालन हेतु कोई अलग से बजट का प्रावधान नही है इसके संचालन हेतु 108 और 104 इमरजेंसी सेवाओं में सम्मिलित कराने हेतु अधिकारियों को कई बार अवगत करवा दिया गया है। और सीएमएचओ द्वारा इसके निस्तारण हेतु स्वास्थ विभाग को अवगत करवा दिया जा चुका हे।

## कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई से मिली आमजन को राहत

**उदयपुर ।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई और सतर्कता समिति की बैठक आयोजित हुई। कलेक्ट्रेट स्थित राजस्थान संपर्क आईटी केन्द्र में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं के निस्तारण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता नजर आई। राजस्थान संपर्क पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन 181 पर दर्ज परिवादों के निस्तारण के दौरान उदयपुर शहर से लेकर जिले के विभिन्न दूर-दराज के गांवों से आए ग्रामीणों की समस्याओं को कलक्टर पोसवाल ने धैर्यपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। लगभग साढ़े तीन घंटे तक चली जनसुनवाई के दौरान कलक्टर ने विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों को सुना और जनता से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

समस्याओं का शीघ्र निस्तारण होः कलक्टर

जनसुनवाई के दौरान पानी, बिजली, सड़क, अतिक्रमण, अवैध कब्जे, यूआईटी, नगर निगम, चिकित्सा विभाग से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए कलक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। सहायक निदेशक (लोकसेवा) रमेश सिरवी ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई में 143 परिवाद प्राप्त हुए

## पल्स पोलियो अभियान 30 जून से, तीन दिन चलेगा

# जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

## पल्स पोलियो अभियान को लेकर बैठक आयोजित



पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** ''दो बूंद जिदंगी की'', यह टैग लाइन पढ़ते या सुनते ही आपके मन मस्तिष्क में पल्स पोलियो अभियान का ख्याल ही आएगा, सही भी है, भारत को पोलियो मुक्त रखने के लिए हर साल यह पुनीत अभियान चलाया जाता है, जिसके तहत 0 से 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जाती है।

इस साल 2024 के जून माह के अंतिम दिन यानी 30 जून 2 जुलाई के मध्य तीन दिन की अवधि में पल्स पोलियो की खुराक पिलाई जानी है। पहले दिन जिले में निर्धारित किए गए टीकाकरण बूथों तथा दूसरे व तीसरे दिन घर-घर दस्तक का अभियान। इस पुनीत महाअभियान की पूर्व तैयारियों को लेकर बनाई गई कार्ययोजना पर गुरुवार को जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक हुई।पल्स पोलियो अभियान को लेकर की गई पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने निर्देश दिए कि इस अभियान में एएनएम, आशा सहयोगिनी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ-साथ नर्सिंग प्रशिक्षणार्थियों, स्काउट एवं गाइड तथा एनएसएस स्वयंयेवकों का पूरा सहयोग लिया जाए। अभियान को लेकर प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक तथा सामाजिक संस्थाओं का भी पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में सहयोग लिया जाए।

जन्म से 5 वर्ष तक के 98194 बच्चों को पोलियों रोधी खुराक पिलाई जायेगी, प्रथम दिन बूथ कवरेज 80 प्रतिशत बढाने हेतु व दुसरे व तीसरे दिन घर-घर जाकर पोलियों की शत-प्रतिशत खुराक पिलाने के निर्देश दियें। जिला कलक्टर ने चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास विभाग को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में पूर्ण रूची लेते हुयें सभी बच्चों को शत-प्रतिशत पोलियों की खुराक पिलाने हेतु निर्देशित किया एवं साथ ही सभी अधिकारीयों को निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थ कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी को उक्त तीन दिवस में अवकाश स्वीकृत नही किये जाए। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूलों को खुला रखकर बूथ टीम के लिये टेबल चेयर व पानी की व्यवस्था करने तथा साथ ही बिजली विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि अभियान के दौरान क्षेत्रों में विधुत आपुर्ति को नियमित रखे जिससे की पल्स पोलिया की खुराक (वैक्सिन) को उचित तापमान में रखी जा सके। सीएमएचओ डॉ. जे.पी बुनकर द्वारा समस्त खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थ समस्त चिकित्सा संस्थानों में आईएलआर व डीप फ्रिज की देखरेख कर उन्हे दुरस्त करें। ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक करने, आमजन को जागरूक करने के लियें जन प्रतिनिधियों को इस बैठक में भाग लेने, रैलीयों का आयोजन करने तथा पल्स पोलियों बूथ शुभारम्भ जन प्रतिनिधियों के माध्यम से करवाने के निर्देश दियें। इस अभियान के तहत 98194 बच्चों को पालियों की खुराक पिलाने का लक्ष्य है।

### यह रहे उपस्थित

**इस बैठक में आरसीएचओ डॉ. सिन्दु कुमावत, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश दोशी, डबल्यूएचओ एसएमओ डॉ. अक्षय व्यास, डीपीएम देवेन्द्र पुरी गोस्वामी, जिला शिक्षा अधिकारी पियूष जैन, अधीक्षण अभियन्ता राम रतन खटीक, एवं समस्त खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी सलूम्बर उपस्थित रहे।**

# रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

## मौके पर हुआ समस्याओं का निस्तारण



पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बुधवार रात गिंगला में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी । इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से पेयजल, विद्युत, राजस्व, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अनेक समस्याओं की सुनवाई कर संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए ।

रात्रि चौपाल में विभागवार विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी भी ग्रामीणों को दी। रात्री चोपाल के दौरान परिवाद प्राप्त हुए । सभी शिकायतों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर जल्दी ही निस्तारण किया जाएगा वहीं ग्राम पंचायत की विभिन्न मांगों से संबंधित समस्याओं को सक्षम स्तर पर भिजवाया जाएगा । गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर पर आम लोगों की प्रशासन से जुडी समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जा रहा है ।

**ये रहे मौजूद**

रात्रि चौपाल में आयुक्त गणपत लाल खटीक,एसडीएम पर्वत सिंह चुंडावत, तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा, डीओआईटी उप निदेशक जीवन राम मीणा,विकास अधिकारी दयाचंद यादव, एक्सईएन जलदाय विभाग विवेक कछार,हेमन्त पंडिया एक्सईएन डबल्यूआरडी, परिवहन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह गुलिया, सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग हेमन्त खटीक,पशु पालन विभाग डॉ हरिकेश मीणा, कृषि विभाग गोस मोहम्मद सहित जिला स्तरीय अधिकारी, गिंगला सरपंच सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व तैयारी के तहत किया जा रहा योगाभ्यास



पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** अंतर्राष्टीय योग दिवस 21 जून 2024 की पूर्व तैयारियों के तहत जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार योगाभ्यास प्रोटोकॉल के तहत आज जिला कलेक्ट्रेट परिसर मे योगाभ्यास किया गया।कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों,कर्मचारियों एवं समस्त स्टॉफ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग के सहायक नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र जोशी, डॉ. अख्तर हसैन, डॉ. अनिल गुर्जर के निर्देशन में योग प्रशिक्षकों कैलाश पटेल, हितेश सेवक, अर्जुन सालवी, सोना पटेल, कुसुम कंवर, और साक्षी पांडे द्वारा योग अभ्यास, ध्यान, शवासन, एवं प्राणायाम जिला स्तरीय अधिकारियों को करवाया गया।

इस आयोजन का मुख्य उददेश्य योग के महत्व को समझाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था। योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित अधिकारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों से परिचित कराया। इन क्रियाओं के नियमित अभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया।

आयुर्वेद विभाग डॉ. जितेन्द्र जोशी ने बताया कि 10 वाँ अन्तर्राष्टीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर में 21 जून,शुक्रवार को प्रातः 06»30 बजे से होगा, जिसमें आमजन के साथ - साथ जिला प्रशासन एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी भाग लेकर योग करेंगे। उन्होंने सभी से विनम्र अपील करते हुए कहा है कि हम सब मिलकर अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को योग अवश्य करें।

योग पूर्वाभ्यास (प्रोटोकॉल) के तहत योगार्थियों को ग्रीवा चालन ,स्कंन्ध चालन एवं कटि चालन के योग अभ्यास करवाते हुए खड़े होकर किए जाने वाले ताड़ासन ,वृक्षासन, पाद हस्तासन, त्रिकोणासन आदि आसनों का अभ्यास करवाया जा रहा है। इसी क्रम में बैठकर किए जाने वाले आसन भद्रासन, वज्रासन ,उष्ट्रासन , शशांकासन , मंडूकासन एवं अनुलोम- विलोम ,भ्रामरी ,कपालभाति आदि प्राणायाम का अभ्यास करवाया जा रहा है। साथ ही उनसे होने वाली लाभों की जानकारी दी जा रही है।

जोशी ने बताया की संतुलित एवं युक्ति पूर्वक आहार विहार के साथ योग क्रियाओं के अभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त, ग्राम पंचायतों पर होने वाले ग्राम पंचायत स्तरीय आयोजनों हेतु योग प्रोटोकॉल ट्रेंनिंग का दो दिवसीय आयोजन 19 और 20 जून को जिला पुस्तकालय हॉल में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के शारीरिक शिक्षकों और आयुर्वेद विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम स्तर पर योग दिवस का सफल आयोजन किया जाए, और प्रचार-प्रसार को सुनिश्चित करना था, ताकि अधिक से अधिक लोग योग के लाभों से परिचित हो सकें और इसे अपने जीवन का हिस्सा बना सकें।

# फलो का राजा मना रहा है अपना फेस्टिवल अर्बन पर उदयपुर दिखायेगा अपना हुनर




पदमावत मीडिया

अर्बन माल से प्रोदिप्तो सेन सर और एम-स्क्वायर से निर्देशक मुकेश माधवानी ने बताया की अर्बन स्क्वायर मॉल एवं एम् स्क्वायर प्रोडक्शन के संयुक्त तत्वाधान में हो रहे मैंगो फेस्टिवल में आने वाले शनिवार और रविवार को होने वाली हे प्रतियोगिता।

एम स्क्वायर की मार्केटिंग हेड प्रांजल शर्मा एवं नीतीश वर्मा ने बताया की प्रतिभागी को हिस्सा लेने के लिए अर्बन माल पर आना होगा ।

शनिवार को मेरे सपनो का आम थीम पर आधारित चित्रकला को मॉल में ही दिए गए समय में पूरा करने वालो में से टॉप 3 को पारितोषिक दिया जायेगा।

इसके साथ ही रविवार को कुकिंग प्रतियोगी को घर से आम पर आधारित कोई भी किस्म की डिश बना के लानी होगी जिसमे से चुना जायेगा बेहतरीन 3प्रतियोगियों को।

उदयपुर का प्रसिद्ध शॉपिंग डेस्टिनेशन अर्बन स्कवॉयर मॉल इस चिलचिलाती गर्मी में उदयपुरवासियों के लिए राहत के आम लेकर आया है, मॉल में शनिवार से मैंगो फेस्टिवल की शुरुआत हो गई थी, फेस्टिवल 23 जून तक चलेगा।

आम खाने के शौष्ठीनो, परिवारों और दोस्तों के लिए यह एक रोमांचक ग्रीष्मकालीन डेस्टिनेशन होगा। इस दौरान खरीदारों को विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त विभिन्न प्रकार के आम खरीदने का अवसर मिलेगा। चाहे आप अल्फांसो, केसर या किसी अन्य स्वादिष्ट किस्म के प्रशंसक हों, अर्बन स्क्वायर मॉल में मैंगो फेस्टिवल में हर स्वाद को संतुष्ट करने के लिए कुछ न कुछ है।

## 10वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# भारतीय संस्कृति द्वारा दुनिया को दिया गया अनमोल उपहार है योग

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** योग एक ऐसी कला है जो कि विश्व भर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रही है। आम जनमानस में शांति और सद्भाव क़ायम करने के लिए योग एक बेहतरीन अभ्यास है । यह हमारे पूर्वजों द्वारा समूचे विश्व को दिया गया एक अनमोल उपहार है और यही कारण है कि संपूर्ण विश्व योग दिवस को बहुत ज़ोर–शोर से मनाता है । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय योग पद्धति को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए सितंबर 2014 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पहल की। जिसके बाद 21 जून 2015 को पहली बार 170 से अधिक देशों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक साथ मनाया। इस वर्ष योग दिवस 2024 की थीम योग» स्वयं एवं समाज के लिए,जिसका अर्थ है स्वयं स्वस्थ रहना और साथ में समाज को स्वस्थ रखना। स्वयं स्वस्थ रहेंगे तभी हम समाज को स्वस्थ रख पाएंगे । खुद को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग का अभ्यास करें। योग शरीर को स्वस्थ रखता है, साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को भी सकारात्मक ऊर्जा देता है। योगाभ्यास पुरानी से पुरानी बीमारियों को ठीक करने में मदद करता है । यह एक धीरे–धीरे ठीक करने वाला अभ्यास है जिस से कोई हानि नहीं है। हम जब भी योगाभ्यास करे, किसी योग प्रशिक्षक की सलाह लेकर करे। योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और योग के महत्व को समझाने के लिए हर साल योग दिवस मनाया जाता है । योग के नियमित अभ्यास से तन और मन को शांति का अनुभव होता है ।इस तेज दौड़ भागती ज़िंदगी में अक्सर लोग मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। योग से मानसिक स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने में बहुत मदद मिलती है ।केवल मानसिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि योग से कई गंभीर शारीरिक समस्याओं से भी निजात पा सकते है। योग मात्र शरीर को स्वस्थ रखने का साधन न होकर बल्कि उससे कई अधिक है। यह एक जीवन जीने की कला है,एक पूर्ण चिकित्सा पद्धति है। हमारे शास्त्रों में इसका अंतिम लक्ष्य मोक्ष है । दरअसल योग संपूर्ण मानवता को भारतीय संस्कृति की और से वो अमूल्य तोहफ़ा है जो शरीर और मन, मनुष्य और प्रकर्ति के बीच एक सामंजस्य स्थापित करता हैं। यह हर भारतीय लिए गर्व का विषय है कि 2015 में हमारे प्रधानमंत्री जी के प्रयासों से 21 जून को विश्व के हर कोने में योग दिवस जोर शोर से मनाया जाता है।193 सदस्य देशों में से 177 सदस्य देशों का समर्थन इसके लिए प्राप्त हुआ। योग का ज्ञान सर्व प्रथम आदि गुरु भगवान शिव ने सप्तऋषियों को दिया था। कहा जाता है कि योग विद्या का धरती पर अवतरण उन्हीं के द्वारा हुआ था ।योग केवल आसनों का अभ्यास नहीं ,बल्कि महर्षि पतंजलि द्वारा रचित पतंजलि योग सूत्र के अष्टांग योग का एक अंग है । आसनों के साथ उसमें यम,नियम का पालन, प्राणायाम द्वारा साँसों यानी जीवन शक्ति पर नियंत्रण, बाहरी वस्तुओं के प्रति संयम, धारणा यानी एकाग्रता ,ध्यान यानी चिंतन और अंत में समाधि द्वारा योग से मोक्ष की प्राप्ति तक के लक्ष्य के बारे में बताया गया हैं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि जो देश सदियों से योग विद्या का साक्षी रहा है उस देश के अधिकांश युवा आज आधुनिक जीवनशैली और खान पान की ख़राब आदतों के कारण कम उम्र में ही मधुमय, उच्च रक्तचाप, हृदय संबंधी आदि बीमारियों के शिकार हैं । इसलिए कहा जाता है कि खान पान में सुधार के साथ योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करे और उसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएँ ताकि हम अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाए और शारीरिक और मानसिक ,दोनों रूपों से स्वस्थ रहे। हम जब स्वयं स्वस्थ रहेंगे तभी हम समाज को स्वस्थ रख सकते हैं । हम स्वस्थ तो समाज स्वस्थ ,हमारा स्वास्थ्य समाज का स्वास्थ्य । तो आइए इस वर्ष यह प्रण लें कि प्रतिदिन समय निकालकर योगाभ्यास करेंगे और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायता करेंगे।सब मिलकर इस अंतरराष्टीय योग दिवस को एक साथ मनाए ।21 जून 2024 को जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्टीय योग दिवस के कार्यक्रम में आप सभी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

# 'जमुना जल घट भर चली चंद्रावली नार' श्रीजी प्रभु के जेष्ठाभिषेक स्नान



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।**'जमुना जल घट भर चली चंद्रावली नार' श्रीजी प्रभु के जेष्ठाभिषेक स्नान के लिए तिलकायत श्री एवं श्री विशाल बावा व श्री लाल बावा ने श्रीजी प्रभु की बावड़ी से जमुना जल के भाव से भरा जल....

तिलकायत श्री एवं श्री विशाल बावा व लाल बावा ने श्रीजी प्रभु के जेष्ठाभिषेक स्नान के जल का केशर, सुगंधित सामग्री व फूलों से जल का किया अधिवासन....

स्नान यात्रा के अवसर पर श्रीजी प्रभु अरोगेंगे सवा लाख आम का भोग.....

'पुष्टि मार्ग में यमुना जी एवं यमुना जल का है विशेष महत्व यमुना जल का अधिवा सन यमुना जल के भाव से उपलब्ध विभिन्न जल स्त्रोतों का अधिवासन कहिए अथवा उसे जनहितार्थ सुरक्षित संशोधित करने का आग्रह कहिए प्राकृतिक तापों के हरण के लिए उसका संतुलित उपयोग करते हुए उसे सदैव सर्व दोष निवारक कहा गया है यमुना जल को इसलिए पुष्टि पंथ में मनुष्य के प्रतिबंधकारी और जंकृत दोषों का निवारक कह उसे अधिवासित कर स्नान यात्रा और जेष्ठाभिषेक में शिरोधार्य किया गया है!' - श्री विशाल बावा

पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ प्रभु श्रीनाथजी की हवेली में दि. 21/06/2024,शुक्रवार को होने वाले श्रीजी प्रभु के जेष्ठाभिषेक स्नान के लिए स्नान यात्रा के एक दिन पूर्व गुरुवार को तिलकायत गो.ति 108 श्री राकेश जी (श्री इंद्र दमन जी) महाराज श्री व गो. चि.105 श्री विशाल जी (श्री भूपेश कुमार जी)बावा व गो. चि.105 श्री लाल बावा ने वल्लभ कुल परिवार व श्रीजी एवं लाडले लाल प्रभु के सेवकों सहित 'जमुना जल घट भर चली चंद्रावली नार' के भाव से जमुना जल के रूप में श्रीजी प्रभु की हवेली में स्थित भीतर की बावड़ी से श्रीजी प्रभु के जेष्ठभिषेक स्नान का जल भरा !तिलकायत श्री एवं श्री विशाल बावा व लाल बावा ने सांयकाल श्रीजी प्रभु के जेष्ठाभिषेक स्नान के जल का केसर,चंदन,बरास, गुलाब जल,तुलसी पत्र,सुगंधित सामग्री व सुगंधित फूलों से जल का अधिववासन किया! जिससे श्रीजी प्रभु का जेष्ठभिषेक स्नान कराया जाएगा ! स्नान यात्रा के अवसर पर श्रीजी प्रभु सवा लाख आम का भोग अरोगेंगे जिसकी सेवा वैष्णव जन एवं मंदिर सेवकों द्वारा बड़ी जोर-शोर से की जा रही है ज्ञातव्य है कि यह आम के भोग की सेवा निरंतर कई दिनों से महाराष्ट एवं गुजरात व देश के विभिन्न क्षेत्रों से वैष्णव जनों द्वारा भेजी जा रही है और सागर में सेवको एवं वैष्णव जनों द्वारा सिद्ध की जा रही है ! इस अवसर पर श्रीजी प्रभु के सेवकों में बड़े मुखिया श्री इंद्रवदन जी गिरनारा,श्री प्रदीप सांचीहर, नवनीत प्रिया जी के सेवकों में मुखिया जी श्री रजनीकांत सांचीहर,घनश्याम सांचीहर, पराग,हर्षद आदि सेवकों ने जल भरा! इस अवसर पर श्रीनाथजी मंदिर के अधिकारी श्री सुधाकर उपाध्याय, मुख्य प्रशासक श्री भारत भूषण व्यास, मंदिर मंडल के सदस्य समीर चौधरी, तिलकायत श्री के मुख्य सलाहकार अंजन शाह,सहायक अधिकारी अनिल सनाढ्य, तिलका श्री के सचिव लीलाधर पुरोहित, मंदिर के मीडिया प्रभारी एवं पीआरओ गिरीश व्यास, राजेश्वर त्रिपाठी, समाधानी उमंग मेहता, जमादार हर्ष सनाढ्य, कैलाश पालीवाल आदि उपस्थित थे !

# उदयपुर का अनोखा पिरामिड केंद्र,मेडिटेशन के माध्यम से लोगों को दे रहा शांति और सुकून



पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** 21 जून को पूरे विश्व में अंतर्राष्टीय योग दिवस मनाया जा रहा है। हर साल इस दिन को एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष अंतर्राष्टीय योग दिवस 2024 की थीम %योग- स्वयं और समाज के लिए% है। जीवन में योग एक स्वस्थ और संतुलित जीवन शैली को प्रोत्साहित करता है। आज कल की भागदौड़ भरी जिंदगी में केवल ध्यान और योग ही मानसिक शांति प्रदान करता है, जिससे मन में सकारात्मक विचारों का संचार होता है। उदयपुर के अलकापुरी में विशेष मालती कुमारी चुंडावत पिरामिड ध्यान केंद्र है, जहां पर आने वाले लोगों को अद्भुत शांति का अनुभव होता है। पिरामिड ध्यान दूसरे ध्यान से काफी अलग होता है। इस ध्यान का अभ्यास पिरामिड स्ट्र• र यानी एक पिरामिड संरचना के बीच किया जाता है।

यह विशेष ध्यान केंद्र डॉक्टर ए. एस चुंडावत बताते हैं कि ये स्ट्र• र पृथ्वी के मैग्नेटिक फील्ड और कॉस्मिक एनर्जी के बेहतरीन ट्रांसमीटर माने जाते हैं। पिरामिड संरचना के तहत मेडिटेशन का अभ्यास ही पिरामिड मेडिटेशन कहलाता है। पिरामिड मेडिटेशन के नियमित अभ्यास करने से स्वास्थ्य में अच्छा अनुभव के साथ ही बेहतर ऊर्जा महसूस होती है। डॉक्टर चुंडावत कहते हैं कि वो खुद डॉक्टर हैं, लेकिन मानसिक अवसाद सहित अन्य ऐसी कई बीमारियां हैं, जिनका मेडिकल साइंस में इलाज नहीं है, लेकिन ध्यान व योग से मनुष्य अपने आप को स्थिर कर सकता है।



इन बीमारियों से मिलता निजात डॉक्टर ए. एस चुंडावत बताते हैं कि हर विचार शरीर पर प्रभाव डालता है। उदाहरण के लिए जब हमारे मस्तिष्क में प्रसन्नता का विचार आने लगता है तो मस्तिष्क %डोपेमाइन% नामक रसायन छोड़ती है. जब हम तनाव में होते हैं तब हमारी एड्रिनल ग्रंथि कोर्टिसोल नामक हार्मोन छोड़ती है, जो हमारे मस्तिष्क की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाती है. ध्यान से तनाव पैदा करने वाले हार्मोन्स जैसे कोर्टिसोल का स्तर घट जाता है व रक्त नलिकाएं चौड़ी हो जाती हैं। इससे डीएचईए का स्तर बढ़ जाता है, जो डायबिटीज, बीपी, देखने व सुनने की क्षमता हड्डियां आदि की बीमारियों को ठीक करता है. इसमें एंडोर्फिन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे दर्द से मुक्ति मिलती है।

शरीर में नई ऊर्जा का संचार योग प्रशिक्षक डॉक्टर भूपेंद्र शर्मा बताते हैं कि डॉ. एस चुंडावत ने अपने घर पर 25 लाख की लागत से पिरामिड ध्यान केंद्र का निर्माण कराया है। यहां पर शहर वासी आकर नि»शुल्क ध्यान साधना कर सकते हैं। हर पूर्णिमा को ध्यान केंद्र पर भूपेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में लोग ध्यान करते हैं। ध्यान करने पहुंचे लोगों ने बताया कि यहां करीब आधा घंटे ध्यान करने से आत्मा को शांति मिलने के साथ ही शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। पूरी तरह से पिरामिड तरीके से बनाया गया सेंटर सुकून भी देता है।

ध्यान लोगों को आत्म चेतना से जोड़ता है भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि उदयपुर का यह पहला पिरामिड सेंटर होगा जहां इस अनूठे अंदाज में ध्यान किया जाता है. डॉक्टर ए. एस चुंडावत जिन्होंने केंद्र की शुरुआत की थी, इनकी उम्र 95 साल है. उन्होंने उदयपुर के महाराणा भूपाल अस्पताल में 30 साल तक सेवाएं दी। इसके बाद उदयपुर के नारायण सेवा संस्थान में भी उन्होंने कई वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। अब मेडिटेशन के माध्यम से लोगों को शांति और सुकून दे रहे हैं. उन्होंने बताया कि भाग दौड़ की जिंदगी में आज लोग कई समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन जिंदगी में ध्यान एकमात्र माध्यम है जो लोगों को आत्म चेतना से जोड़ता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित | मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) | सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा | उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।